>

Title: Regarding inclusion of potato in free ration-laid.

**श्री मुकेश राजपूत** (**फर्रुखाबाद**): मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जनता की ओर से हार्दिक अभिनंदन वंदन करता हूं जिन्होंने इस कोरोना में विगत 14 महीनों से पूरे देश को के गरीबों को निशुल्क अनाज वितरण कराया और करा रहे हैं । मैं छोटा सा सुझाव देना चाहता हूं कि प्रति यूनिट 5 किलो गेहूं 5 किलो चावल और 1 किलो दाल जो निशुल्क बांटी जा रही है इसमें दाल के स्थान पर यदि प्रति यूनिट 5 किलो आलू दे दिया जाए तो गरीब कुपोषित बच्चों को हरी सब्जी के रूप में प्रचुर मात्रा में फाइबर मिनरल्स एवं कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्व भी मिल जाएंगे जिससे उनका शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होगा एवं देश के आलू किसानों का भी आर्थिक रूप से भला होगा । कोल्ड स्टोरेज से मात्र 15 से 20 क्विंटल ही आलू की निकासी हुई है 80% आलू अभी भी कोल्ड स्टोरेज में रखा है जो बाद में फेका जाता हैं ।